WWL/CS/2022/110 Date: 08th September 2022

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Limited**<br>Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,<br>Bandra- Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai-400051<br>**NSE Symbol: WEWIN** | **BSE Limited**<br>Floor 25, P.J Towers, Dalal Street, Fort,<br>Mumbai- 400001<br>**BSE Scrip Code: 543535** |

**Subject: Newspaper publication- Advertisement regarding 15th Annual General Meeting ("AGM") of the Company:**

Respected Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, we enclose herewith copy of Newspaper Advertisement for Book Closure and Notice of 15th Annual General Meeting published on 07th September 2022 in Hindi newspaper and 08th September 2022 in English Editions.

Kindly take the above information on your records.

Thanking you,

**For We Win Limited**
**(Formerly Surevin BPO Services Limited)**

WE WIN LIMITED BHOPAL

**Ashish Soni**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As Above

**We Win Limited**
**(Formerly Surevin BPO Services Ltd.)**
**(CIN:L74999MP2007PLC019623)**
206-207, 2nd Floor, Corporate Zone C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod,
Bhopal – 462047, Madhya Pradesh, India
Phone: +91 755 4278897, Email: info@we-win.co.in , website:www.wewinlimited.com

**जोन समितियों के चुनाव आज शाम को**

# विधायक, जिला अध्यक्ष के दर पर दावेदारों का जमावड़ा

सच प्रतिनिधि || भोपाल

नगर निगम परिषद की पहली बैठक में जोन पुनर्गठन के प्रस्ताव को बहुमत के साथ पारित करने के बाद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने इसे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया है। इस बीच शहर में जोन की संख्या अब पहले से बढ़ गई है। अब 19 की बजाए 21 जोन हो गए हैं। इनमें से एक जोन में पदेन अध्यक्ष के तौर पर किशन सूर्यवंशी काबिज होंगे तो बचे हुए बीस जोन में से महज एक जोन विपक्ष के खाते में आया है। इन जोन में जोनल अध्यक्ष बनने बीजेपी के पार्षदों के बीच रस्साकाशी जारी है। पार्षद, जिला अध्यक्ष और विधायकों के चक्कर लगा रहे हैं। जोन क्रमांक पांच में कांग्रेस का पार्षद जोन समिति का अध्यक्ष चुना जाएगा तो वहीं बचे हुए 19 जोन में बीजेपी के जोन अध्यक्ष बहुमत के चलते चुने जाएंगे। यह चुनाव आज शाम चार बजे से जोन स्थलों पर होंगे। फिलहाल दो जोन के कार्यालय तय नहीं हुए है लिहाजा पुराने जोन में ही इन जोन के अध्यक्ष के चुनाव होंगे। निगम ने इसके लिए 21 जोनल अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाया है जो यह समिति के चुनाव संपन्न कराएंगे। दरअसल परिषद की बैठक के दौरान मेयर मालती राय ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि यह चुनााव आज करा लिए जाए। इसके बाद इन चुनावों को कराने की प्रक्रिया देर शाम से ही शुरु हुइ और आयुक्त केवीएस चौधरी ने समितियों के चुनाव करानेवाले पर्यवेक्षकों के नाम घोषित कर दिए।



**हुजूर में एक जोन बढ़ा तो उत्तर में पैर पसारने भी बनाए छोटे जोन :** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने अधिकांश जोन पर बीजेपी पार्षदों का कब्जा रहे इसी हिसाब से जोन का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान हुजूर विधानसभा के अंतर्गत एक जोन बढ़ाया गया तो एक जोन कार्यालय को छान शिफ्ट कर दिया गया है। इस तरह सबसे छोटे चार जोन हुजूर विधानसभा के अंतर्गत आ रहे है। इसी तरह दो छोटे जोन उत्तर विधानसभा में बनाए गए है। यहां भी बीजेपी पार्षदों को जोन अध्यक्ष बनाने के लिए जोन छोटे किए गए है। दो जोन मध्य विधानसभा के अंतर्गत छोटे किए गए है। एक जोन दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत छोटा किया गया है।

### नेता समर्थकों को पद देने बनाए गए छोटे जोन

एमआईसी में रामेश्वर शर्मा समर्थक एक भी पार्षद को जगह नहीं मिली है। इसी तरह यही हाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा का है यहां से भले ही किशन सूर्यवंशी निगम अध्यक्ष और जगदीश यादव एमआईसी है लेकिन दोनों में से एक संगठन तो दूसरा नरोत्तम मिश्रा का समर्थक है। इसी वजह से यहां भी एक उमाशंकर गुप्ता समर्थक को जोन समिति का अध्यक्ष बनाने जोन छोटे किए गए है। उधर रामेश्वर शर्मा के दबाव में हुजूर विधानसभा के दो जोन को तोड़कर चार जोन में बदला गया है।

### संगठन और नेता तय करेंगे जोन अध्यक्ष के नाम

मंडल के कई पदाधिकारी और उनके परिजनों को इस बार बीजेपी ने टिकट दिया है। अधिकांश जीतकर भी आए है। अब जोन अध्यक्ष के नाम आज दोपहर बाद तय होंगे। ऐसे में संगठन की और से सुमित पचौरी के अलावा विधायक रामेश्वर शर्मा,कृष्णा गौर,उमाशंकर गुप्ता,आलोक शर्मा जोन अध्यक्ष के नाम तय करेंगे। इनकी पसंद से ही जोन अध्यक्ष तय होंगे। इसको लेकर पार्षदों ने अपनी-अपनी लॉबिंग शुरू कर दी है। ऐसे में कई संगठन के पदाधिकारी के परिजन जहां पार्षद है तो अब उन्हें जोन अध्यक्ष बनाने की तैयारी भी है।

# ईडी बनने दिल्ली में साक्षात्कार दे रहे भेल के महाप्रबंधक, भोपाल से 10 अफसर हुए शामिल

**कुल 71 अधिकारियों में से 25 को मिल सकता है प्रमोशन**

सच प्रतिनिधि || भोपाल

बीएचईएल दिल्ली कॉरपोरेट कार्यालय में आज ईडी बनने के लिए भेल महाप्रबंधकों के साक्षात्कार कराए जा रहे है। कंपनी के इस पद के 71 अफसर दावेदार हैं । इनमें से सिर्फ 25 से 30 अफसर ही प्रमोशन पा सकेंगे । कॉरपोरेट ने लंबे समय से इस पद के साक्षात्कार न होने के कारण 11 जीएमआई 17 जीएम हेड और 4 जीएम प्रोजेक्ट डायरेक्टर बना डाले। इसलिये इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि ज्यादातर अफसर इन्हीं में से कार्यपालक निदेशक पद पर प्रमोशन पा सकते हैं । इनकी संख्या 32 आंकी जा रही है । इसके अलावा 39 महाप्रबंधक भी इस पद के दावेदार बने हुये हैं। दिल्ली में आज हो रहे साक्षात्कार के बाद ही साफ हो पायेगा की आखिर कौन बनेगा ईडी । अकेले भेल भोपाल कॉडर के 10 अफसर भी शामिल हैं । देखा जाये तो भोपाल से तो अकेले जीएम हेड सुशील कुमार बावेजा ही शामिल हैं। जबकि इस यूनिट से बाहर की यूनिट में



तबादले के बाद गये 9 अफसर भी इस पद के प्रमोशन में किसी से कम दिखाई नहीं दे रहे हैं। किसमें कितना दम है यह तो प्रमोशन लिस्ट जारी होने के बाद ही पता चल पायेगा । भोपाल से जीएम हेड श्री बावेजा के अलावा भोपाल कॉडर के जीएमआई राजीव सिंह, दिल्ली कॉरपोरेट मानाव संसाधन विभाग के जीएम हेड एम ईसादौरएझांसी के जीएम हेड विनय निगम और आरओडी के जीएम हेड संजीव कुमार कॉक, त्रिचना पल्ली के महाप्रबंधक ऑप्रेशन एसएम रामनाथन, नोएडा टीजीबी के महाप्रबंधक विपिन मिनोचा, नोएडा पीएस.टीईएम महाप्रबंधक बीके सिंह,जगदीशपुर के महाप्रबंधक रूपेश तैलंग भी प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं । अन्य यूनिट से टीएस वर्धराजन, एसवी श्रीनिवासन, विवेक कुमार रैजदा, बी बालासुब्रमनीयन, टीएस मुरली, मीना केसरी, राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र कुमार सक्सेना, पंकज जैन, बीवीएन किशोर, सुधीर बाबू, रवि शंकर, आरपी सिंह, बैनी वर्मा, प्रवीण किशोर, अरूमी मुखर्जी, नरेन्द्र कुमार भी प्रमोशन पा सकते हैं । जो जीएमआई और जीएम हेड यूनिटों में ईडी के पॉवर लेकर काम कर रहे हैं उनका तो लगभग प्रमोशन तय ही माना जा रहा है । इनको प्रमोशन के बाद कंपनी की अन्य बड़ी यूनिटों की जवाबदारी सौंपी जा सकती है। भेल के मुखिया की नजर काम करने वाले अफसरों ज्यादा टिकी है। कंपनी ने वर्ष 2021-22 में कंपनी बेहतर मुनाफा कमाया इसे और आगे बढ़ाने के लिये सिफारिश वाले कम और काबिल अफसरों की ज्यादा जरूरत है। बेहतर परफारमेंश वाले अफसरों की कमी नहीं है सिर्फ उन्हें छांटने की जरूरत है। इस प्रमोशन के बाद कुछ यूनिटों में नये ईडी को कमान सौंपी जा सकती है। अब देखना यह है कि भेल के मुखिया किस तरह की प्रशासनिक सर्जरी करते हैं।

## मंत्री सारंग ने किया पुस्तक का विमोचन



**भोपाल।** नरेला विधानसभा के मीडिया प्रभारी मनोज सिंह राजपूत के जन्मदिन के दिन उनकी पुस्तक दरवेश एक्सप्रेस का विमोचन विश्वास सारंग कैबिनेट मंत्र एवं मालती राय महापौर भोपाल नगर निगम के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर नरेला विधानसभा के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। शैलेंद्र श्रीवास्तव, प्रदीप चौरसिया, मधुसूदन चौहान,जीवन, राजीव कपूर, विनोद आदि मौजूद रहे।

## सबनानी का स्वागत



**भोपाल।** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी का 6 सितंबर को जन्मदिवस था। इस मौके पर हिंदी भवन में बड़ी संख्या में उनके समर्थक,पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक संगठन का जमावड़ा देखा गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष हरिशंकर विश्वकर्मा ने फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

## ठेका श्रमिक हो रहे परेशान

**भोपाल।** भेल को आसमान सी बुलंदियों पर पहुंचाने वाले भेल श्रमिक खुद परेशान हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा जबकि वह वरिष्ठ अधिकारियों को भी शिकायतें कर चुके हैं। डीएई और सी सेक्टर में रह रहे सोसायटी कर्मचारी अनेक समस्याओं से ग्रस्त हैं। इन सेक्टर के मकानों की हालत खस्ता हो रही है और अधिकांश मकान वर्षों से खाली पड़े हुए हैं जो मेंटेनेंस के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं। जिनमें श्रमिक रह रहे हैं उन मकानों की छतें खराब हो चुकी हैं बारिश के मौसम में मकानों से पानी रिसता है।

# सड़कों पर गड्ढों से भेल रहवासी परेशान

सच प्रतिनिधि || भोपाल

भेल टाउनशिप की बदहाल हो चुकी सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। यहां से रोजाना हजारों की संख्या में भेल कर्मचारियों के साथ आसपास क्षेत्रों से राजधानी भोपाल आने वाले लोग आवाजाही करते हैं। यहां की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। रात के समय यह समस्या और ज्यादा बढ़ जाती है। भेल प्रबंधन बजट का रोना रोकर सड़कें सुधरवाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। अंधेरे में सड़क पर हो चुके बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों और राहगीरों को दिखाई नहीं देते। ऐसे में वाहन चालकों को हादसे का डर बना रहता है तो राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

भेल सूत्रों की माने तो नगर प्रशासन द्वारा भेल टाउनशिप की सड़कों की मरम्मत के लिए कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली को इस संबंध में अवगत कराते हुए सड़कों के सुधार कार्य के लिए बजट की मांग की गई है, लेकिन अब तक वहां से कोई जवाब नहीं आने और पैसे नहीं मिलने के कारण नगर प्रशासन सड़कों की मरम्मत नहीं करवा पा रहा है। ऐसे में भेल के अधिकारियों कर्मचारियों को सड़क पर हो चुके इन गड्ढों के बीच हिचकोले खाते हुए अपने-अपने घरों तक और वहां से कारखाने तक का सफर पूरा करना होगा। टाउनशिप की सड़कों पर हो चुके बड़े-बड़े गड्ढों की मरम्मत के नाम पर घरों से निकलने वाला मलबा और ईंट पत्थर भरकर गड्ढों की पूर्ति की जा रही है।

रहवासियों और दुकानदारों का कहना है कि सड़कों की मरम्मत को लेकर कई बार भेल नगर प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, इसके बाद भी अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे टाउनशिप के रहवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजार विजय मार्केट की सड़कों के भी हाल बेहाल हैं। यहां सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को सब्जी बाजार लगता है। जहां खरीदारी करने भेल टाउनशिप के ज्यादातर अधिकारी कर्मचारी आते हैं। इसके आसपास बीएचईएल के क्वार्टर होने के कारण बढ़ी संख्या में भेल के अधिकारी और कर्मचारी यहां निवास करते हैं। यहीं पर आमने सामने मंदिर होने से लोग पूजा-अर्चना करने आते हैं। यहां की यह सड़क शहर के कई मार्गों को जोड़ती है।

भेल कारखाने से लेकर रायसेन रोड, एमपी नगर, नर्मदापुरम रोड से लेकर पूरे भेल क्षेत्र के साथ ही बरखेड़ा पठानी, बर्रई, कटारा हिल्स होते हुए मिसरोद से आनंद नगर को जाने वाले बायपास को जोड़ती है। शार्टकट होने के कारण कम दूरी होने और समय की बचत को देखते हुए ज्यादातर लोग इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। इस सड़क से रोजाना हजारों की संख्या में लोग दो पहिया, चार पहिया वाहनों के साथ ही पैदल आवाजाही करते हैं।

# गैर उर्दू भाषी सचिव फिर मदरसा बोर्ड में, सभी कार्य ठप

सच प्रतिनिधि || भोपाल

मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड में निवर्तमान सचिव रिजवी के जाने के बाद अब मदरसा बोर्ड में राज्य शिक्षा केंद्र के संयुक्त सचिव देव भूषण प्रसाद को मदरसा बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, अतिरिक्त प्रभार होने के कारण उनका यहां पर आगमन कम होता है इसलिए मदरसा बोर्ड की सभी गतिविधियां ठप पड़ी हुई है, और कोई भी उनका पुराने हाल नहीं है! अल्पसंख्यक छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की कंप्यूटर और कुरान एक साथ जोड़ने की योजना पर मदरसा बोर्ड में पलीता लगा हुआ है, अब यहां पर ना तो नए मदरसों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है और न ही यहां से विधिवत छात्र छात्राओं की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है, मदरसा बोर्ड वर्षों से अध्यक्ष विहीन है और अब वर्षों से कार्यरत लोक शिक्षण संस्थान के उपसंचालक रिजवी को हटाकर उनके स्थान पर राज शिक्षा केंद्र के संयुक्त सचिव देव भूषण प्रसाद को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है! जो मदरसा बोर्ड में नदारद रहते हैं सूत्रों का कहना है कि मदरसा बोर्ड में सिर्फ कर्मचारियों की उपस्थिति रहती है और वह भी मनमाने तरीके से, क्योंकि यहां पर सचिव या संयुक्त सचिव कोई नहीं है लिहाजा शासन स्तर पर कोई भी कार्य नहीं हो रहा है और उससे भी अधिक समस्या यह है कि यहां पर कोई भी जवाब दे नहीं है! मदरसा बोर्ड में परीक्षाएं उर्दू विषय से होती है इसलिए यहां पर उर्दू भाषी अधिकारी का होना अनिवार्य है मगर अब यहां पर यह लागू नहीं होता इसलिए कि यहां कोई काम ही नहीं है। पूर्व में भी यहां पर जिला शिक्षा अधिकारी ओपी शर्मा, राज ओपन संचालक डॉक्टर सुभाष पासपोर्ट और प्राचार्य महेंद्र सिंह यहां के सचिव रह चुके और अब देव भूषण प्रसाद मदरसा बोर्ड के सचिव है, जब मदरसा बोर्ड सचिव से संपर्क स्थापित किया गया तो उनका कहना था कि मैं दूसरे विभाग में हूं आपको जो भी जानकारी लेना है लेकिन मैं देख कर कार्यालय से ले सकते हो मैं अभी आपको कुछ नहीं बताऊंगा।

## आरक्षण की मांग को लेकर निकली यात्रा का स्वागत



**भोपाल। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय इकाई द्वारा सामाजिक समरसता के संकल्प एवं आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर जम्मू काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तीसरी बार राष्ट्रव्यापी रथ यात्रा निकाली जा रही है। रथ यात्रा जम्मू काश्मीर से हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान होते हुये 1 सितम्बर 2022 को मध्यप्रदेश पहुंची। भोपाल में रथयात्रा सुरेन्द्र प्लेस भोपाल से हबीबगंज चौराहा होते हुए चेतक ब्रिज पहुंची। यात्रा का डॉ. सरदार सिंह परिहार, विजय सिंह परिहार, धर्मेन्द्र सिंह परिहार, रणवीर सिंह सिकरवार, डॉ. संतोष कुमार भदौरिया ने भोपाल में स्वागत किया। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ज्योति टॉकिज चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां से यात्रा महाराणा प्रताप भवन, चार इमली पहुंची। यहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया गया। इसके बाद यात्रा नर्मदापुरम के लिये प्रस्थान की।**

## वी विनलिमिटेड

we win

**( पूर्वमें श्योरविन बीपीओ सर्विसेज लिमिटेड )**

**सीआईएन : L74999MP2007PLC019623**

**206-207, दूसरी मंजिल, कॉर्पोरेट जोन, सी-21 मॉल, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल ( म.प्र. ) 462047**

**फोन: +91 755 4278897 ईमेल: contact@wewinlimited.com**

**15 वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम)**

**ई-वोटिंग की जानकारी एवं बुकक्लोजर की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 15वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 206-207, दूसरी मंजिल, कॉर्पोरेट जोन, सी-21 मॉल, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल (एमपी) 462047, सुबह 11:00 बजे आयोजित की जाएगी जिसमे एजीएम की सूचना मे निर्दिष्ट व्यवसाओं को निष्पादित किया जायेगा।

वार्षिक आम बैठक की दिनांक 02 सितंबर, 2022 की सूचना (उपस्थिति पर्ची, प्रॉक्सी फॉर्म और रूट मैप के साथ) की प्रति सभी सदस्यों को अनुमत माध्यम से भेज दी गई है। ये कंपनी की वेबसाइट www.wewinlimited.com पर निवेशक टैब और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com तथा www.bseindia.com के तहत सदस्यों द्वारा डाउनलोड करने के लिए भी उपलब्ध हैं।

ई-वोटिंग:- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, समय-समय पर संशोधित,कंपनी अपने सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने की कृपा कर रही है। सदस्य 23 सितंबर, 2022 को कट-ऑफ तिथि होने के कारण, उपरोक्त संकल्प पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

एक व्यक्ति जिसका नाम 23 सितंबर, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल एजीएम में वोट देने का हकदार होगा। सदस्यों के वोटिंग अधिकार 23 सितंबर, 2022 को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

ई-वोटिंग 27 सितंबर, 2022 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगी और 29 सितंबर, 2022 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी। उक्त समय और तिथि के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बुक क्लोजर:- कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 91 और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (लिस्टिंग और डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 के नियम 42 के अनुसार, सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर बुक्स शनिवार, 24 सितंबर 2022 तारीख से शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022 (दोनों दिन सम्मिलित) तक इस बैठक के प्रयोजन के लिए बंद रहेंगी।

निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 02/09/2022**

**बोर्ड के आदेश से**
**हस्ता./-**
**आशीष सोनी**
(पैन: HCOPS 6623A)
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म की पूजा**

# जैन समाज ने वीतराग धर्म का 'त्याग' लक्षण भक्तिभाव से मनाया



सच प्रतिनिधि || भोपाल

दशलक्षण के आठवें दिन नगर के जैन मंदिरों में उत्तम त्याग धर्म की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। दिगंबर जैन समाज के चल रहे दशलक्षण पर्व समारोह के तहत आज वीतराग धर्म का उत्तम त्याग लक्षण भक्तिभाव से मनाया गया। इसके तहत राजधानी के मंदिरों में जलाभिषेक,अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन, नव देवता पूजन, सोलह कारण पूजन, अनंत व्रत पूजन, दशलक्षण पूजन, चंद्रप्रभु पूजन, महावीर स्वामी पूजन तथा चौबीस तीर्थंकर पूजन के साथ ही जिनवाणी और गुरु पूजा हुई। इस दौरान विभिन्न दिगंबर जैन मंदिरों में सुबह 6 बजे से ही मंत्रोच्चार गूंजने लगे। जैन समाज के विद्वानों ने प्रवचन करते हुए कहा कि आत्मशुद्धि के उद्देश्य से विकार भाव छोड़ना और अपने आप पर उपकार की दृष्टि से धन आदि का दान करना त्याग धर्म है। अंत: भोग में लाई गई वस्तु को छोड़ देना भी त्याग धर्म है। आध्यात्मिक दृष्टि से राग-द्वेष, क्रोध, मान आदि विकार भावों का आत्मा से छूट जाना ही त्याग है। उससे नीची श्रेणी का त्याग धन आदि से ममत्व छोड़कर अन्य जीवों की सहायता के लिए दान करना है। वक्ताओं ने कहा कि मूल के चार भेद हैं। पात्रदान, दयादान, अन्वयदान और समदान हैं। श्री 1008 अजितनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेहरू नगर (कोटरा सुल्तानाबाद) मंदिर में जिसकी शुरुआत सुबह मूलनायक श्री 1008 अजितनाथ भगवान के रजत कलशों से शांतिधारा के साथ हुई। मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा और दशलक्षण धर्म की विधान मंडल पर अष्टद्रव्य से पूजा की गई। उत्तम त्याग धर्म विधान पूजन हुआ। इस विधान पूजन में सभी श्रावकों ने त्याग धर्म की प्रभावना से श्रद्धा-भक्ति से अर्घ्य चढ़ाए। मंदिर में विराजमान परम पूज्य आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री 108 प्रॉजल सागरजी महराज के मुखारविंद एवं विधानाचार्य बा,ब्र.पारस भैयाजी और नेहरु नगर जैन मंदिर के पुजारी पं,प्रवेन्द्र सिंघई ने प्रात: नित्य नियम पूजन,शांतिधारा व अभिषेक की क्रियाएं स्वाध्याय भवन में हुई। इससे पूर्व परम पूज्य आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महाराज ,मुनिश्री 108 प्रवीर सागरजी महाराज, मुनिश्री 108 प्रत्यक्ष सागरजी महाराज, मुनिश्री 108प्रज्ञान सागरजी महाराज ने चौबीसी में श्रीजी के दर्शन कर श्रावकों को आर्शीवाद दिया।

## त्याग के बिना जीवन में संतुलन नहीं आता है : जैन



**भोपाल।** दसलक्षण स्टेशन बजरिया श्री 1008 महावीर जैन मंदिर मांगलिक भवन में बुधवार को प्रवक्ता नरेंद्र जैन द्वारा अभिषेक शांति धारा विधान कर आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म का महत्व पं सुरेश जैन पन्ना वालों द्वारा बताया गया परिग्रह की निवृत्ति को त्याग कहते हैं, बिना किसी प्रत्युपकार की अपेक्षा के अपने पास होने वाली ज्ञानादि संपदा को दूसरों के हित व कल्याण के लिए लगाना उत्तम त्याग है। त्याग का अर्थ यहां छोड़ना नहीं है। महावीर स्वामी कहते हैं त्याग में छोड़ना नहीं पाना ही पाना है ! कषायौ का त्याग विकारों का त्याग है ऐसे त्याग से जीवन मुक्त होता। त्याग के बिना जीवन महान नहीं बनता। जब तक त्याग की उपलब्धियां समझ में नहीं आती तब तक छोटा त्याग भी कठिन होता है अतरंग बाहय के भेद से दो प्रकार का त्याग आचायौ ने कहा है । त्याग प्रधान है बहिरंग त्याग आता अंत रंग को पाने के लिए होता, जैसे मूंगफली के छिलके हटाए बिना मूंगफली नहीं मिलती, वैसे ही बिना बहि रंग त्याग के अतरंग त्याग भी असंभव है। संध्या आरती प्रवचन के बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला मंडल अध्यक्ष बबीता जैन अध्यक्ष राजीव पंच रत्न एवं कमेटी द्वारा बहुत ही आकर्षक तरीके से शानदार भव्य, संस्कृतिक धार्मिक कराए जा रहे हैं।

# RELEVANCE OF LIFE LIES IN THE HARMONY BETWEEN MATERIALISM AND SPIRITUALISM: GOVERNOR

## Governor Mangubhai Patel attended the convocation ceremony of Barkatullah University in state capital

**Team Absolute** | Bhopal

Governor Mangubhai Patel has said that the meaning of life lies in the harmony of spiritualism with materialism. He told the students that if you spend your whole life in mobilizing resources, you will become a means yourself. The meaning of life is in living life by considering materialism as the means and spirituality as the end.

Governor Patel was virtually addressing the convocation ceremony of Barkatullah University, Bhopal from Raj Bhavan. On the occasion of convocation, 74 scholars were awarded Ph. D. degrees, 94 post-graduate degrees and 27 students were awarded gold medals.

Governor Patel said that the brilliance of the knowledge of education, which has been obtained by the scholar students, should be used to spread light in the dark life of the deprived and backward classes. He also urged the teachers to inspire the students to participate in the social concerns with their own example, accept the responsibility of the underprivileged and find solutions to the challenges. He said that the Prime Minister Narendra Modi has given an opportunity in the form of National Education Policy to enable the students to successfully face the challenges of the 21st century by nurturing their original talents. For the success of the policy, it is necessary that the teachers should constantly update and strengthen themselves according to the new circumstances and environment. Make efforts to bridge the gap in access to the education, participation and learning levels of different classes. Get the research work done keeping in mind the current needs. Encourage original thinking, innovative, socially beneficial and problem-oriented research work. Get the dissertation uploaded on the website. Funding for research should be obtained from industrial institutions and the corporate world.



Governor told the students that convocation is such an important stage in the life of an educated person, from where the attainment of knowledge is accomplished under the guidance of teachers in a safe environment of the campus. At the same time, a new era of struggle with the realities of life begins. After today life experiences will be teacher and ground truths will be education. Taking lessons from them, one has to move forward in life.

Madhya Pradesh is leading in the implementation of National Education Policy - Minister Shri Yadav Higher Education Minister Dr. Mohan Yadav said that as much as education is important in life, diksha (initiation) is equally important. Diksha makes a person cultured and gives a sense of the direction to life. Expressing his gratitude to Governor Mangubhai Patel, he said that Governor Mangubhai Patel has given special emphasis on organising the convocation every year. Joining online despite not being able to be physically present is a sign of his deep dedication towards the convocation programmes. He said that under the leadership of Chief Minister Chouhan, the state is leading in the implementation of the National Education Policy. He said that since ancient times India has guided the path of welfare of humanity through education. The Amrit Mahotsav of Azadi is an opportunity to get determined to achieve the same glory of India.

# CM Chouhan plants saplings with social workers and citizens



**Team Absolute** | Bhopal

Chief Minister Shivraj Singh Chouhan planted saplings in Smart City Garden along with the members of Uddeshya Yuva Samajik evam Jan Kalyan Samiti. CM planted saplings of Neem, Saptaparni and Kachnar. The Samiti is motivating people for cleanliness and plantation along with social welfare works.

Importance of plants

The Kachnar planted today is a beautiful flowering tree. Abounding in antibiotic elements, Neem is known as the supreme medicine. Saptaparni plant is an evergreen medicinal tree, which has great importance in Ayurveda. It is used in the manufacture of various medicines.

# Ranbir and Alia did not go to see Mahakal themselves: Mishra

**Team Absolute** | Bhopal





Film actors Ranbir Kapoor and Alia Bhatt had to return from Ujjain without a darshan of Baba Mahakal, as both of them did not consider it appropriate to visit the temple due to the opposition of Bajrang Dal. It has been said from the government that both the actors did not go to visit themselves, while all the arrangements were made by the administration.

Film actors Ranbir Kapoor and Alia Bhatt had come to Ujjain to seek the blessings of Baba Mahakal for the success of their film Brahmastra, along with film director Ayan Mukerji. Before reaching Ujjain, the trio had also shared a video of themselves on social media in which they talked about coming to Ujjain. After receiving the news of Ranbir Kapoor and Alia Bhatt coming to Ujjain, activists of Bajrang Dal and Hinduist organization took to the road to protest against their temple entry. The people of Bajrang Dal were angry over an alleged statement of Ranbir Kapoor. In this alleged statement of Ranbir Kapoor, it was said that he likes beef.

Due to the protest of Bajrang Dal, Ranbir Kapoor, Alia Bhatt and Ayan did not go to the temple, instead they directly reached the residence of Collector Ashish Singh. Later Ayan Mukerji and others reached the temple and saw Baba Mahakal, but Ranbir and Alia did not go to visit, it is being said that Alia is pregnant and they did not come to visit to avoid any kind of push.

There has been a clarification from the government on this matter and the state Home Minister Dr. Narottam Mishra has said that the Ujjain administration had arranged for film actor Ranbir Kapoor and actress Alia Bhatt's visit to Mahakal Baba, but despite the administration's request, Ranbir and Alia herself did not go for darshan. Regarding Ranbir Kapoor's statement, he said, by the way, artists should not use words that hurt the sentiments of people.

# *MP Cong to organise prayer in support of 'Bharat Jodo Yatra'*

**Team Absolute** | Bhopal

The Madhya Pradesh Congress will organise a 'Sarvadharm Prarthana Sabha' at Bhopal's New Market area to extend support to the 'Bharat Jodo Yatra'.

On this occasion, Madhya Pradesh Congress Committee (MPCC) general secretary Rajiv Singh appealed to the party leader and workers to assemble in the area for the 'prarthana sabha (prayers meet)'. Dignitaries associated with all religions have also been invited to participate in the meet at 4.30 p.m.

During the prayer meet, the MPCC has set up a big screen for the live telecast of 'Bharat Jodo Yatra' led by former Congress president Rahul Gandhi. Besides, various programmes have been prepared for this occasion at the party's district offices across the state, Rajiv Singh told reporter.




With an eye on the 2024 general elections, Congress MP Rahul Gandhi will launch the party's 'Bharat Jodo Yatra' from Kanyakumari this evening. The 3,500 kilometre-long-yatra will be covered in nearly 150 days.

Earlier in the day, Rahul Gandhi paid tribute at the memorial of his late father Rajiv Gandhi in Tamil Nadu's Sriperumbudur, where the former Prime Minister was killed in a suicide attack on May 21, 1991.

After visiting his father's memorial, Rahul Gandhi tweeted, "I lost my father to the politics of hate and division. I will not lose my beloved country to it too. Love will conquer hate. Hope will defeat fear. Together, we will overcome."

Gandhi will attend an event at Kanyakumari's Mahatma Gandhi Mandapam in the evening where Tamil Nadu Chief Minister M.K. Stalin will hand over the national flag to him for the yatra launch.

The 3,500 kilometre-long-yatra, dubbed by the Congress as the "longest march" organised in the country over the last century, will be launched at around 5 p.m. with a rally, and the 'padyatra' or foot march will begin from Thursday morning.

# Autos will run with colour code, CNG autos will be given priority in permit : Transport Minister

**▸ NEW POLICY LAID DOWN FOR AUTO RICKSHAW, PERMIT WILL BE ISSUED FOR 5 YEARS**



**Team Absolute** | Bhopal

Transport and Revenue Minister Govind Singh Rajput has informed that now all types of autos will be operated according to the colour code in the state. This colour code will be determined according to the permit of that area. He said that separate permits would be issued for urban and non-urban areas. Colour coding will be done in auto rickshaws on the basis of permit. Electric and CNG auto rickshaws will have yellow hood and green body and petrol and diesel powered auto rickshaws will have yellow hood and black body. Whereas yellow hood and red body has been prescribed for auto rickshaws operating in areas other than the city. Permit will be cancelled if more than 3 passengers are seated in auto rickshaw.

Transport Minister Rajput said that priority will be given in granting permits to CNG auto rickshaws to protect the environment and curb the consumption of diesel and petrol. The temporary permit will be valid for only 4 months, while the permanent permit will be issued for 5 years. Permits will be provided to vehicles with a seating capacity of up to 3 passengers in auto rickshaws. Transport Minister Rajput informed that the Collector will be able to restrict the areas and routes for the operation of e-rickshaws on the basis of urban population.

## PUNJAB POLICE CAUGHT ARMS MANUFACTURER FROM KHARGONE

**Bhopal:** Punjab Police has arrested an arms maker from Madhya Pradesh and recovered several weapons including 24 pistols from his possession. Punjab Director General of Police (DGP) Gaurav Yadav gave this information on Wednesday. The arrested person has been identified as Sonu Singh of Khargone district of Madhya Pradesh, who was running an arms manufacturing factory and illegally supplying to other states.

Police have recovered 24 pistols, one revolver and 25 other weapons from his possession, taking the total seizure of weapons to 80. Police on Friday arrested two persons - Bhorelal alias Manish Bade and Kailash Mal Singh - who were involved in large-scale supply of illegal arms to Punjab as well as other states. Both are residents of Madhya Pradesh.

The DGP said that this action has been taken based on the interrogation of Bhorelal and Kailash Mal.

# AADHAR CARD HAS GIVEN A NEW IDENTITY TO THE PEOPLE: PRINCIPAL SECRETARY

**Team Absolute** | Bhopal

Principal Secretary, Food and Transport, Faiz Ahmed Kidwai, has said that the Aadhar card has helped to establish the identity of every citizen of the country. Kidwai was addressing the State Level Workshop on 'Recent Initiatives to Simplify Use of Aadhaar' by the Unique Identification Authority of India (UIDAI) at the Academy of Administration. He said that Aadhaar also gave identity to individuals who did not have anything to identify themselves. He said that sharing of best practices and recent initiatives taken by UIDAI is one of the important features of this workshop. He said that 'Aadhaar' has become incredibly strong. He said that more than 313 DBT welfare schemes are using the Aadhaar platform for targeted distribution of benefits and subsidies to beneficiaries and the estimated savings is Rs.2.22 lakh crore.The two sessions of the workshop deliberated on the latest authentication features added to the Aadhaar ecosystem, cases of innovative use of Aadhaar and best practices implemented in Madhya Pradesh, data privacy and information security, Direct Benefit Transfer and Aadhaar Enabled Payment System. Along with this, the details of m-Aadhaar App, Aadhar Online Services, Aadhar Enrollment and Updation Services to make a smooth experience for the residents were also explained in detail. ITS, Deputy Director General, UIDAI Sanjay Kumar Sohni, pointed out that Aadhaar has become the core of India's digital public infrastructure.


**WE WIN LIMITED**
**(Formerly Known as Surevin BPO Services Limited)**
**CIN: L74999MP2007PLC019623**
**206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall,**
**Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047**
**Phone: +91 755 4278897 Email: contact@wewinlimited.com**

**NOTICE OF 15th ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

Notice is hereby given that the 15th Annual General Meeting (AGM) of the members of the company will be held on Friday, the 30th Day of September, 2022 at the Registered Office of the Company Situated at 206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall, Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047, at 11:00 A.M. to transact the business as set out in the notice convening the Annual General Meeting (AGM).

The copy of Notice of Annual General Meeting (along with Attendance Slip, Proxy Form and Route Map) dated 02nd Day of September, 2022 has been sent to all the members by permitted mode. The same are also available at the website of the company at www.wewinlimited.com under investor tab and also on the website of stock exchange at www.nseindia.com and www.bseindia.com for download by the members.

**E-voting: -**In pursuance of the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and the Rules framed there under, as amended from time to time, the Company is pleased to offer e-voting facility to its Members holding equity shares as on 23rd September, 2022 being the cut-off date, to exercise their right to vote electronically on the above resolution.

A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on 23rd September, 2022 only shall be entitled to vote at the AGM. The voting rights of member(s) shall be in proportion to their shares in the paid-up equity share capital of the Company as on 23rd September, 2022.

**E-Voting will commence on 27th September, 2022 at 9:00 a.m. and will end on 29th September, 2022 at 5:00 p.m**. E-Voting shall not be allowed beyond the said time and date.

**Book Closure: -**Pursuant to Section 91 of the Companies Act 2013 and Rules framed thereunder and Regulation 42 of SEBI (Listing and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 the Register of members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Saturday, 24th day of September, 2022 to Friday, 30th day of September, 2022 (both days inclusive)** for the purpose of this Meeting.

The Board of Directors has not recommended any dividend for the financial year ended 31st March 2022.

**Place:** Bhopal
**Dated:** 02/09/2022

**By the order of the Board**

**Sd/-**
**Ashish Soni**
(PAN: HCOPS6623A)
**Company Secretary & Compliance Officer**


# SHIVRAJ CHOUHAN SHOULD RESIGN: CONGRESS ON RATION DISTRIBUTION SCAM

**Team Absolute** | Bhopal

Madhya Pradesh Chief Minister Shivraj Singh Chouhan should resign, the Congress has demanded, citing an alleged scam in ration distribution. "It is a scam of at least Rs 2,000 crore," said former minister and senior Congress leader Jeetu Patwari.

"There should be an inquiry by a High Court judge or an independent agency. But no such thing is possible if CM Chouhan remains in his post," he added.

The BJP government today contested the very basis. "It was only a draft report. The Women and Child Development Department will give a timely reply to it. The draft is not the final report," state minister Vishwas Sarang said.

The 36-page report found large-scale fraud, fake beneficiaries, and irregularities in production, distribution and quality control in the ambitious free food scheme for schoolchildren. All this comes at the risk of leaving children under-nourished and costing taxpayers crores of rupees.

"The Women and Child Department said it distributed 4.05 metric tonnes of ration till 2021 while spending Rs 2,393.21 crore on 1.35 crore beneficiaries. But trucks claimed to be transporting ration were not trucks and their registration numbers were found to be of motorcycles, cars, autos and other small vehicles," Congress's Jeetu Patwari cited.

But the government has said "clerical errors" were the reason for bikes being "mistaken" for trucks. Minister Vishwas Sarang said, "We collected information from one of the plants in Baadi and found that THR (take-home ration) was transported through 1,734 trucks. The AG initially objected to use of 34 vehicles by saying the numbers were not of trucks. We found that all 34 numbers had difference of only one number due to clerical error. All numbers, minus that error, were actually of trucks. In a document, wrong number was entered."

On discrepancy in the number of beneficiaries he said surveys over the years found that the number of eligible adolescent girls under the scheme had reduced from 2.6 lakh in 2018-19 to 1.28 lakh in 2020-21. "In 2021, only 15,000 remained," he said.Chief Minister Chouhan, who was recently in the news over being removed from the BJP's top decision-making panel, has not responded to these demands for his resignation.